भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3118**

उत्तर देने की तारीख 11 जुलाई, 2019
20 आषाढ़, 1941 (शक)

# खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना

**3118. श्री अजय निषादः**

**डॉ. सुजय विखे पाटीलः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की देश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने/बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य-वार कितना वार्षिक बजट आवंटित किया गया है;

(घ) क्या देश में विशेष रूप से महाराष्ट्र के स्कूलों, कॉलेजों में अवसंरचनात्मक गतिविधियों के विकास के लिए कोई नई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या देश में बिहार और झारखंड के लिए इस प्रयोजनार्थ कोई नई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) से (ग) : "खेल" राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । केंद्रीय सरकार खेलो इंडिया स्कीम, राष्ट्रीय खेल परिसंघों के माध्यम से सहायता प्रदान करके और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में प्रशिक्षण प्रदान करके राज्य सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । इन स्कीमों के अंतर्गत निधियों का राज्यवार आवंटन नहीं किया जाता है ।

2018- 19 में विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत खेल विभाग के व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है :-

| क्रम संख्या | स्कीम का नाम | व्यय (करोड़ रुपए) |
|---|---|---|
| 1. | खेल संस्थानों में विकास | 483.38 |
| 2. | खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पुरस्कार | 312.32 |
| 3. | खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम | 501.24 |

(घ) और (ङ) : जी नहीं । स्कूलों और कॉलेजों में खेल अवसंरचना प्रदान करने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । केंद्रीय सरकार खेल अवसंरचना में कमी को दूर करने के लिए उनकी सहायता करती है ।

*****